सार-समाचार

छोटे परिवार पर स्लोगन लिखे

पाली, (नि.सं.)। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पाली द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला में सोमवार को राजकीय बांगड़ चिकित्सालय स्थित ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र,पाली पर प्रशिक्षणाधीन प्रशिक्षणार्थियों के लिये '' स्लोगन लेखन'' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि सोमवार को ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र,पाली पर प्रशिक्षणाधीन प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की समस्त प्रशिक्षणार्थियों ने इन प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत छोटे परिवार की अवधारणा को अपने अपने स्लोगन के माध्यम से भावनाओं को व्यक्त किया। प्रतियोगिता में चयनित प्रथम तीन प्रशिक्षणार्थियों की प्रवृष्ठियां राज्य स्तर को ऑनलाईन माध्यम से प्रेषित की जायेगी, जिनमें से राज्य स्तर पर विजेता का चयन किया जायेगा तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता संचालन में प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य के.सी. सैनी, प्रशिक्षक मदन गोपाल वैष्णव, कमलकिशोर गहलोत, पारसमल कुमावत, दिनेश कुमार का सहयोग रहा तथा विजेताओं के चयन में इनकी निर्णायक के रूप में भूमिका रही। सोमवार को आयोजित प्रतियोगिता में ए.एन.एम. द्वितीय वर्ष की छात्रा सुश्री गुड़िया चौधरी को प्रथम स्थान, सुश्री कल्पना कुमारी को द्वितीय स्थान तथा सुश्री भंवरी कुमारी को तृतीय स्थान प्रदान कर विजेता घोषित किया गया।

जेवर कारीगर सोना व बाइक ले गया

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती धवा गांव में ज्वैलरी कारोबारी के यहां पर काम करने वाला कारीगर 12 लाख का सोना और उसकी बाइक लेकर चंपत हो गया। घटना महिने भर पहले की है। अपने स्तर पर स्वर्णकार ने तलाश की मगर वह नहीं मिला। उसका फोन भी बंद आ रहा है। आखिरकार पीड़ित ने अब झंवर थाने में मामला दर्ज करवाया है। झंवर पुलिस ने बताया कि धवा निवासी मदनलाल सोनी पुत्र मांगीलाल सोनी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी क्षेत्र में एक ज्वैलरी की दुकान आई हुई है। उसके पास में एक साल से पश्चिम बंगाल के हुबली का रहने वाला मफीजुल अली पुत्र राजिब अली काम कर रहा था। वह दुकान में रहता था और कारीगरी करता था। 31 मई को परिवादी दुकान पर पहुंचा तो वह वहां नहीं मिला। दुकान के बाहर खड़ी बाइक भी नहीं मिली। उसे फोन लगाया तो वह बंद मिला। बाद में दुकानदार मांगीलाल सोनी ने दुकान का सामान चेक किया तो पता लगा कि कारीगरी के लिए दिया गया सोना तकरीबन 174.800 ग्राम भी नदारद है। मांगीलाल सोनी ने कारीगर मफीजुल अली पर दुकान का सोना और बाइक चुराकर ले जाने का प्रकरण अब दर्ज करवाया है। उसकी अपने स्तर पर तलाश भी करवाई गई मगर वह हाथ नहीं लगा। झंवर पुलिस अब उसका पता लगाने का प्रयास कर रही है। सोने की अनुमानित कीमत 12 लाख से ज्यादा है।

श्रीजी छात्रावास का जालोर में शुभारंभ

जालोर, (कासं)। जालोर शहर में स्थित श्रीजी छात्रावास का शुभारंभ विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर वेदाचार्य ने वेद मंत्रों के साथ मंगलाचार कर कार्यक्रम की शरूआत की। सेंट एंस सेकेंडरी स्कूल के निदेशक किशोर सिंह राजपुरोहित ने जानकारी दी कि यह छात्रावास छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहेगा। इस से ग्रामीण क्षेत्र के बालको को भी शहर में रहकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। इस शुभारंभ समारोह में अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पंडित पवन दाधीच, ललित दवे, अनीश मेहता, सुरेश राजपुरोहित, सत्तुराज, अमन देवेंद्र मेहता, मदन सोलंकी और ईश्वर राजपुरोहित ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्रीजी छात्रावास का उद्देश्य छात्रों को उत्तम आवासीय सुविधा प्रदान करना है, जिससे वे अपनी शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकें। यह छात्रावास आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और विद्यार्थियों को एक सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने छात्रावास का निरीक्षण किया और इसे छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इससे जालोर शहर में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा स्थापित होने की उम्मीद है।

पौधारोपण कार्यक्रम कल

जालोर, (कासं)। जिला मुख्यालय पर स्थित कांग्रेस कार्यालय, राजीव गांधी भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूरे राजस्थान में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत जालोर में भी वृक्षारोपण किया जाएगा। जिला प्रवक्ता लक्ष्मण सिंह सांखला ने बताया कि सम्पूर्ण राजस्थान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी वृक्षारोपण के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित कर रही है। इसी कडी में जालोर में भी जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कल शाम 4 बजे पूर्व जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष (पूर्व मंत्री) पुखराज जी पाराशर के मुख्य आतिथ्य में एवं जिला अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में वृक्षारोपण कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की जाएगी। इसी के साथ जालोर जिले में प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता एक पेड लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज में देंगे। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नेतागण, ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, नगर अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण सहित तमाम अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

रेवदर, (निसं)। रेवदर वृक्षारोपण अभियान 2024 - 25 के तहत आज राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिया माता, हरनी अमरापुरा, रेवदर में वृक्षारोपण का शुभारंभ मुख्य अतिथि भगवत सिंह देवडा , कार्यवाहक क्कश्वश्वह्र महेंद्र सिंह राव , हरिया माता प्रधानाध्यापक रमेश कुमार, कब व वृक्षारोपण प्रभारी धीर सिंह गुर्जर, कब बालक,एसएमसी अध्यक्ष वीराराम रेबारी , ईश्वर सिंह देवडा ,हंसाराम जी प्रजापत, भूपेंद्र कुमार एवं अभिभावको ने भाग लिया। पौधारोपण कार्यक्रम में महेंद्र सिंह राव ने पेडो की महत्ता और पेडो का पर्यावरण में महत्व को बताया।

मांगों का ज्ञापन दिया

रेवदर, (निसं)। पीएचईडी द्वारा संचालित जनता जल योजना अंतर्गत लगे रेवदर तहसील के सहायक पम्प चालकों ने स्थाईकरण एवं पदनाम अनुरूप वेतनमान लागू करवाने के लिए रेवदर आबूरोड विधानसभा के विधायक मोतीलाल कोली को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे बताई। इस दौरान दिनेश कुमार रावल, वजाराम, हीराराम, कालूराम, लवजीराम, महेन्द्र कुमार मेघवाल समेत दर्जनों कर्मचारी मौजूद थे।

शिक्षा का व्यक्ति व समाज के विकास से अत्यंत गहरा रिश्ता है : राज्यपाल मिश्र

जोधपुर, (कासं)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि शिक्षा का व्यक्ति और समाज के विकास से अत्यन्त गहरा रिश्ता है। हमें शिक्षा के बेहतरीन ढांचें एवं आदर्श मूल्यों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह है, जो व्यक्ति को अज्ञान, अनिश्चितताओं और अस्पष्टताओं से मुक्त करती है।

राज्यपाल मिश्र जोधपुर स्थित सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। मिश्र ने कहा कि भारत सदियों तक विश्व गुरु रहा है और दुनिया को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित किया है, नालंदा एवं तक्षिशला इसके जीते-जागते उदाहरण हैं।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि पुलिस, सुरक्षा एवं दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) का अपराध अनुसंधान में सकारात्मक उपयोग करें। उन्होंने विश्वविद्यालय को अपराध रोके जाने के लिए 'थिंक-टैंक' के रूप में काम करने, अपराध विज्ञान से जुड़े विभिन्न अनुशासनों में उत्कृष्ट शोध और प्रभावी पुलिस शिक्षण के लिए कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि अपराध विज्ञान के शिक्षण में नवाचार का भी यह विश्वविद्यालय देश-विदेश का बड़ा केन्द्र बनें। मिश्र ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का नामकरण लौह पुरूष सरदार पटेल के नाम पर किया गया है, जिन्होंने रियासतों का एकीकरण करते हुए छोटी-बड़ी रियासत को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय के दीक्षांत में समारोह में 10 दीक्षार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए।

साथ ही, देश में मजबूत पुलिस व्यवस्था स्थापित करने में सरदार पटेल की महती भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलते हुए भारत को मजबूत पुलिस व्यवस्था देने वाले कार्मिक और अधिकारी उपलब्ध कराने के साथ ही पुलिसिंग में समय अनुरूप उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करेगा।

मिश्र ने कहा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के युग में साइबर अपराध सहित अन्य अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अपराधी तकनीक का इस्तेमाल करने लगे है, ऐसे में स्मार्ट पुलिसिंग आज के समय की बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा एवं वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में पुलिस विश्वविद्यालय को अपने पाठ्यक्रमों को समयानुकूल, उपयोगी और अद्यतन बनाना होगा। साथ ही, विश्वविद्यालय को पुलिसिंग, आतंरिक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, फोरेंसिक साइंस इत्यादि क्षेत्रों में शोध को अकादमिक गुणवत्ता एवं सामाजिक उपयोगिता सहित दोनों दृष्टियों से प्रभावी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि इससे पुलिसिंग की विभिन्न विधाओं में शोध एवं अनुसंधान में युवा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संगठित और साइबर अपराध के नये-नये स्वरूप देखने को मिल रहे हैं। इसलिए भारत सरकार ने आपराधिक न्याय से जुड़े तीन नये कानूनों लागू किया हैं जो न्याय की अवधारणा को मजबूत करते हैं, जिसमें समयबद्ध न्याय एवं पुलिस के लिए सीमाएं निर्धारित की गई हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार छोटे अपराधों में सजा के तौर सामुदायिक सेवा का भी प्रावधान

■ 'पुलिस विश्वविद्यालय अपने पाठ्यक्रमों में नये कानूनों के अध्ययन का समावेश करें'

किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस विश्वविद्यालय अपने पाठ्यक्रमों में नये कानूनों के अध्ययन का समावेश करें।

उन्होंने कहा कि अपराध विज्ञान, पुलिस विज्ञान और फोरेंसिक विज्ञान इत्यादि के तहत समय-संदर्भों और अपराध से जुड़े विशेष प्रकरणों के आधार पर पुलिस बलों के लिए नवीन पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय तैयार करे। इनमें सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों की मदद के साथ फोरेंसिक वैज्ञानिक, मनावैज्ञानिकों, चिकित्सकों और सूचना और प्रौद्योगिकी में दक्ष विशेषज्ञों की मदद ले। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने भी संबोधित किया। समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कुल 10 दीक्षार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए। समारोह में पुलिस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक त्रिपाठी, संभागीय आयुक्त बी एल मेहरा, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार, पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह, कुलसचिव अतुल प्रकाश, विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल व शैक्षिणक परिषद् के सदस्य, विभिन्न संकायों के सह अधिष्ठाता, शिक्षक, अधिकारी, उपाधि एवं पदक प्राप्त विद्यार्थी सहित उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

राजकीय स्कूल आने-जाने का मार्ग किया बंद

जोधपुर, (कासं)। उपखण्ड लूणी क्षेत्र के खेजड़ली गांव के हिंगोणिया नाडा विश्रोईयों की ढाणी में राजकीय स्कूल स्थित है। यहां स्कूल तक जाने के लिए मार्ग निजी खातेदारी से होकर जाता है। सोमवार को इस जमीन से होकर गुजरने वाले मार्ग को खातेदारों से आज एक बार फिर ताला लगाकर बंद कर दिया। जिस कारण स्कूल तक आधे बच्चे ही पहुंचे सकें , बाकि बच्चों को निराश होकर घर लौटना पड़ा।

मार्ग पर गेट लगा हुआ है। यह विवाद दो वर्षो से भी अधिक पुराना है। इस संबंध में पूर्व में भी ग्रामीणों ने अपने खेत तक आने-जाने और अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए इस मार्ग को खुलवाने के लिए उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन इसके बावजूद आज तक भी इस समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं हो सका है। इस संबंध में पूर्व में उपखण्ड अधिकारी ने ज्ञापन मिलने के पश्चात् तहसीलदार को मौका स्थिति रिपोर्ट पेश करने के लिए पत्र भी भेजा था लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं हो सका।

वर्ष 2001 से संचालित राजकीय प्राथमिक विद्यालय हिगोणिया नाडा खेजडली तक आने-जाने के लिए इस मार्ग के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं है। आज मार्ग बंद करने के कारण बच्चे पढ़ाई के लिए स्कूल नहीं जा सकें।

इस संबंध में स्कूल शिक्षकों का कहना है कि यह विवाद बहुत पुराना है। इससे पूर्व में भी इस प्रकार की समस्या आ चुकी है। इस तरह मार्ग बंद करने से अब हमारे वापिस घर लौटने की समस्या भी हो गई है। रोज-रोज के झगड़े के लिए यहां बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे है।

बंदियों की सुविधाओं में नहीं रखें कमी : अहसान अहमद

जालोर के पास रानीवाड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद ने चिल्ड्रन होम का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारुन के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश अहसान अहमद सोमवार को उप कारागृह सांचौर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने रसोई घर, बैरकों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बंदियों से वार्तालाप कर यहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जनकारी प्राप्त की।

उन्होंने बंदियों को उनकी पैरवी के लिए अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त, उन्होंने बंदियों से कहा कि यदि किसी बंदी की पैरवी के लिए नि:शुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो तालुका विधिक सेवा समिति में आवेदन प्रस्तुत करें। इस दौरान उन्होंने 18 से 22 साल की उम्र के बंदियों के बारे में जानकारी ली अपराध के समय नाबालिग होने का दावा करने वाले बंदियों से पूछताछ की, किसी बंदी ने दावा नहीं किया। उन्होंने बंदियों को बताया कि ऐसा कोई बंदी जो वर्तमान में 18 से 22 तक की उम्र का हो और वह अपराध के समय नाबालिग होने का दावा करता तो इसकी सूचना उप कारापाल के माध्यम से तालुका विधिक सेवा समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को देने का कहा।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित उप कारापाल को निर्देश दिए कि बंदियों को नियमानुसार मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रखे।

इसी प्रकार सचिव ने आत्मानंद सेवा संस्थान रानीवाडा की ओर से संचालित वात्सल्य चिल्ड्रन होम का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रसोई घर का अवलोकन कर बालकों के लिए बनाए गए भोजन की गुणवत्ता देखी, उन्होंने निर्देश दिए कि बालकों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरते।

उन्होंने बालकों के शयन कक्षों का भी अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बालकों से वार्तालाप की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बालकों के खान पान का विशेष ध्यान रखा जावे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने सांचौर में न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए पक्षकारान को प्रेरित करने का आव्हान किया। एसीजेएम श्याम सुंदर, न्यायिक मजिस्ट्रेट सीताराम चौधरी मौजूद रहे।

सिखवाल ब्राह्मण समाज के लोग कलैक्ट्रेट पहुंचे

पाली, (नि.सं.)। तिलक नगर स्थित सिखवाल ब्राह्मण समाज भवन से सीवरेज से जुड़े पाईपलाईन को बार-बार सीवरेज सफाई कर्मीयों द्वारा सीमेन्ट व कंकरीट द्वारा बंद करने ओर कर्मचारियों के द्वारा हर बार पैसों की डिमांड करने के विरोध में उचित कार्यवही की मांग को लेकर जिला कलेक्टर एल एन मंत्री को ज्ञापन सोपा।

ज्ञापन में समाज के पूर्व अध्यक्ष सोहनलाल उपाध्याय ने बताया कि सिखवाल ब्राह्मण समाज का भवन तिलक नगर, पाली में आया हुआ है. जो रजिस्टर्ड है। उस भवन से जो पानी की धुलाई व सफाई का पानी का पाईप सीवरेज पाईप लाईन से जोड़ा गया है. जिससे पानी बाहर सडक पर नहीं फले व गन्दगी नहीं हो। भवन का सफाई शुल्क भी सिखवाल समाज के अध्यक्ष द्वारा नियमित नगर परिषद में जमा करवाया जाता रहा है। उसके बावजूद भी सीवरेज कर्मचारियों द्वारा भवन के पाईप लाईन में पत्थर व ईटे डाल कर बार-बार बंद कर देते है और परेशान करते है। कई बार नगर परिषद् को शिकायत की गई । थोड़े समय के लिए समाधान होता है। उसके बाद वापस सफाई कर्मीयों द्वारा उस नाले को बद कर दिया जाता है, जिससे बाहर पानी फैलता है जिसकी वजह से गन्दगी भी होती है। सफाईकर्मी आकर समाज भवन में नियुक्त कर्मचारी से रूपये मागते है और परेशान करते है। जिला कलेक्टर महोदय से हमारी मांग है कि सिवरेज कर्मचारियों पर उचित कार्यवाही करवाई जाए। और हमारे समाज भवन में जो बार-बार शिवराज की समस्या आ रही है उसका उचित समाधान भी करवाया जाए।

सरकार के लिए नारी सशक्तिकरण व सुरक्षा प्राथमिकता : मंत्री बैडम

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बैडम ने कहा कि सरकार के लिए नारी सशक्तिकरण और नारी सुरक्षा प्राथमिकता है। राजस्थान में पुलिस की भर्ती में महिलाओं का आरक्षण 30 प्रतिशत से बढ़कर 33 प्रतिशत तक किया जाएगा। इसके लिए यह प्रक्रिया की जा रही है। तृतीय श्रेणी में तो 50 प्रतिशत तक आरक्षण कर दिया है। ठोड थर्ड शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत तक आरक्षण कर दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अपराध बढ़ रहे हैं। सरकार इस पर जल्द शिकंजा कसेगी।

गृह राज्य मंत्री आज जोधपुर के सरदार पटेल पुलिस यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। राज्य मंत्री ने छात्रों से कहा कि आप संविधान के प्रति निष्ठा रखें। जीवन में योग अपनाने की सलाह भी दी। नई पीढ़ी के पुलिसकर्मियों को शुभकामना देते हुए बोले- हम सभी दृढ़ संकल्पित है कि अपराध मुक्त राजस्थान हो। सरकार का यही ध्येय है कि अपराध में कमी आए। आज राजस्थान मैं गैंगस्टर गतिविधियों को रोकने और महिला सुरक्षा उनके सरकार के प्राथमिकता है। राजस्थान में किसी भी प्रकार का अपराध हो उसके प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है। हमने नकल माफिया के खिलाफ डंडा चलाया। संगठित अपराध करने वाले लोगों को सलाखों के पीछे भेजा और उनके गलत तरीकों से जो संपत्तियां अर्जित की गई थी, उन्हें अटैच करने का काम किया गया। साइबर क्राइम को बड़ी चुनौती बताते हुए गृह राज्य मंत्री ने इसके लिए मजबूत पुलिसिंग की आवश्यकता है। अपने जिले का जिक्र करते हुए कहा कि डीग जिले में देश का सर्वाधिक 18 प्रतिशत साइबर अपराध होता है। हमारी सरकार में पुलिस ने जो कार्रवाई शुरू की नतीजन वर्तमान में साइबर क्राइम 18 से घटकर 6 प्रतिशत तक आ गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इन व्यवस्थाओं को आगे भी लागू रखेगी और उन्हें जीरो करने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य है की पुलिस बल पर बिना कोई जोर डाले अपराध में कमी लाई जाए। किसी भी प्रकरण में त्वरित न्याय की उम्मीद है तो वो पुलिस है। हमारी सरकार ने पुलिस को मजबूत करने का काम किया है। जिससे गंभीर प्रकृति के अपराधों में कमी आई है।

उनकी सरकार युवाओं कोनहीं नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में काम कर रही है। सरकार फोरेंसिक शिक्षा को बढ़ाने के लिए कार्य कर रही हैं। गृह राज्य मंत्री ने कहा,नारी सशक्तिकरण और नारी सुरक्षा वर्तमान सरकार के लिए प्राथमिकता है। नारी इस देश की शान है। हमें शिक्षा की प्राप्ति करनी होती है तो मां सरस्वती की पूजा की जाती है। धन की प्राप्ति करनी है तो महालक्ष्मी की पूजा की जाती है जबकि शक्ति की प्राप्ति के लिए मां दुर्गा की आराधना की जाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान आज से नहीं हमारे पूर्वजों के समय से है। तब से हमारी व्यवस्था चली आ रही है।

पौधे से पेड़ बनने तक करें संरक्षण : जिला कलैक्टर एल एन मंत्री

पाली। मुख्यमंत्री पौधारोपण अभियान 2024 जन जागरण कार्य योजना के तहत सोमवार को उपखंड क्षेत्र के गिरादड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वृक्ष चौपाल के तहत जिला कलैक्टर एलएन मंत्री के निर्देशन में 700 से अधिक पौधरोपण कर उनके संरक्षण का जिम्मा दिलवाया गया।

जिला कलैक्टर मंत्री ने कहा कि सभी ग्रामीण व राजकीय कार्मिक अधिक से अधिक पौधारोपण कर सेवा के पुनित कार्य को अंजाम देवे। उन्होंने कहा कि पौधे को पेड़ बनाने तक हमें पूर्ण रूप से उनकी देखभाल करनी चाहिए। जिससे कि प्रदेश में खुशहाली आ सके। उन्होंने विद्यालय परिसर में

■ वृक्ष चौपाल के तहत गिरादड़ा विद्यालय में रौपे 700 से अधिक पौधे

विभिन्न प्रजातियों के छायादार पेड़ लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर प्रधान मोहनी देवी, सरपंच मंगलाराम मीणा, उप सरपंच नरपतसिंह कुम्पावत, तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल, विकास अधिकारी भगवानसिंह राठौड़, प्रधानाचार्य कैलाश राठौड़, सोहनलाल शर्मा, बाबूलाल साहु समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

पौधरोपण को लेकर दिलाएं शपथ : जन जागरण कार्य योजना के तहत महिला अधिकारिता विभाग राजीविका, आईसीडीएस एवं शिक्षा विभाग की और से पौधरोपण को लेकर शपथ दिलाई जाएगी। 10 जुलाई को पंचायतीराज एवं स्वायत्त शासन विभाग की और से नारा लेखन, 11 जुलाई को खेल एवं युवा मामलात विभाग की और से वाहन रैली, 12 जुलाई को सहकारिता, पशुपालन, कृषि एवं मनरेगा की और से ग्राम सहकार एवं वृक्ष मित्र, 13 जुलाई को शिक्षा, खेल एवं युवा मामलात विभाग की और से वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा 15 जुलाई को महिला अधिकारिता विभाग की और से प्रभात रैली का आयोजन किया जाएगा।

पी.पी. चौधरी ने मां की याद में पौधा लगाया

पाली, (नि.सं.)। भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के बराबर माना गया है। वनस्पति के साथ-साथ नदी, पहाड़ आदि को जीवंत मानना हमारी संवदेनशील सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक है। ये बातें पाली सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी ने बिलाड़ा में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने अपने दिवंगत माता दाखू देवी के नाम पर पौधरोपण किया।

प्राप्त जानकारी अनुसार इस दौरान सांसद चौधरी ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आ ान पर पूरे देश में ''एक पेड़ नाम माँ के नाम'' पौधरोपण का महाअभियान चल रहा है।

उन्होंने पाली लोकसभा क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया कि वे सभी अपनी मां के प्रति अपने स्नेह, श्रद्धा और समर्पण भाव को प्रदर्शित करते हुए उनके नाम से वृक्षारोपण करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

सांसद चौधरी ने कहा कि इस अभियान में आपकी भागीदारी न सिर्फ आप सभी की माताओं के प्रति सम्मान की सूचक होगी, बल्कि हम सबकी धरती मां के संरक्षण और सवंर्धन के साथ-साथ हमें एक सुरक्षित भविष्य भी प्रदान करेगी।

हुआ जोरदार स्वागत: तीसरी बार सांसद के रूप में शपथ लेने के बाद सांसद चौधरी के पहली बार भावी एवं बिलाड़ा पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित आमजन ने विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया। इसके अलावा सांसद चौधरी ने विभिन्न स्थानों पर 'एक पेड़, मां के नाम' कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर बच्चों, ग्रामवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया।

इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल गर्ग, नगरपालिकाध्यक्ष रूपसिंह परिहार, नगरपालिका उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, सरपंच सूराराम सीरवी, श्री तरुण मूलेवा, अशोक परिहार, पूर्व प्रधान सुमित्रा विश्नोई, मण्डल अध्यक्ष कमलेश चौधरी, रामकिशोर भूतडा, दुलीचंद सोनी, राजस्थान देवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखराम देवासी, आरडी सागर, महिपाल कड़वासरा, सरपंच मोहन,

पाली सांसद पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी ने बिलाड़ा में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में दिवंगत माता दाखू देवी के नाम पर पौधरोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

श्रवण ढाका, मंगलदास संत, रामलाल शर्मा, प्रधान आरडी भींचर, हनुमान भींचर, डूंगर राम, भींयाराम फौजी, सासाराम देवासी, रामेश्वर लाल शर्मा, सुनील सारण, प्रकाश सारण, चेनाराम मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

पन्द्रह मिनट हुई बरसात, उमस से मिली राहत

बाप, (निसं)। इस बार बाप उपखंड क्षेत्र में अभी तक जमकर बरसात नहीं हुई है। बीते कई दिनो से भीषण उमस भरी गर्मी से लोगो का हाल बेहाल है। आसमान में बादल भी नजर आते है, लेकिन बरसते नही है।

कई दिनों की उमस भीषण गर्मी से बेहाल लोगो को सोमवार दोपहर में 15 मिनट हुई बरसात से कुछ राहत मिली। दोपहर करीब 2 बजे बरसात हुई। आसमान में छाए काले घने बादलो को देख किसान भी अच्छी बरसात की उम्मीद बांधे हुए है। मंडोर, हरिसिंह नगर, शेखासर, अखाधना में हल्की बारिश के समाचार है।

आम सूचना

पर्यावरण स्वीकृति की अधिसूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै. फतेह ग्रेनाइटस लिमिटेड, पता- एफ-88, रिको इण्ड. एरिया, जालोर (राज.) के नाम से ग्रेनाइट खनन पट्टा (प्लॉट संख्या 101, एम.एल संख्या 101/2021 एम.एल क्षेत्रफल -1.9338 हैक्टर) निकट ग्राम कोटकास्ता, तहसील भीनमाल, जिला -जालोर (राज.) की पर्यावरण स्वीकृति, राज्य स्तरीय पर्यावरणीय कमेटी द्वारा पत्र क्रमांक No. F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1(10257)2021-22 Jaipur दिनांक 18.06.2024 जारी हो चुकी है। उक्त आदेश की प्रति वेबसाइट www.rpcb.nic.in पर सर्वसाधारण को देखने के लिये उपलब्ध है। अत: सर्वसाधारण को सूचित रहे।

मै. फतेह ग्रेनाइटस लिमिटेड